श्याम के भजनों में खो जाऊं

उस बांसुरी वाले की, लीले घोड़े वाले की,
गोदी में सो जाऊँ, मेरा दिल करता है,
श्याम के भजनों में खो जाऊं,

देखी दुनियाँ दीवानी, ये मतलब की मस्तानी,
बिन मतलब रूख़ ना जोड़े, यहाँ नित नित नयी कहानीं,
किस किस को छोड़ू बाबा, किस किस को अपनाऊँ,
मेरा दिल करता है, श्याम के भजनों में खो जाऊं,

सुख दुःख पहलू ज़ीवन के, बस वहम ही है ये मन के,
कोई हस हस के सहता है, कोई सहता है तन तन के,
जीवन की पहेली उलझीं, में कैसे सुलझाऊ,
मेरा दिल करता है, श्याम के भजनों में खो जाऊं,

बंधन दुनिया के झूठें, कोई माने कोई रूठे,
संजू चाहे जग छूटें, ये तार कभी ना टूटे,
बस इतनी किरपा कर दे, में तेरा हो जाऊ,
मेरा दिल करता है, श्याम के भजनो में खो जाऊ,
उस बाँसुरी वाले की, लीले घोड़े वाले की,
गोदी में सो जाऊँ,
मेरा दिल करता है,श्याम के भजनों में खो जाऊं,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/19721/title/shyam-ke-bhajno-me-kho-jau

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |